INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VI Hindi 3rd Lang.	Department: Hindi	Date of submission:
Worksheet No: 7	Topic: संवाद लेखन	Note: Pls. write in your Hindi note book

विषय - संवाद लेखन

प्रश्न- मालिक तथा नौकर के बीच में संवाद लिखिए |

मालिक – रामू, अरे! रामू जल्दी आओ |

नौकर – आया मालिक! जी कहिए क्या काम है?

मालिक – कहाँ थे तुम? मैं तुम्हें कितनी देर से बुला रहा हूँ?

नौकर – मालिक, मैं बगीचे में पानी दे रहा था |

मालिक – मैंने कल तुम्हें कहा था कि आज मुझे बाहर जाना है तुमने कार साफ़ की है या नहीं?

नौकर – जी मालिक, मैंने आपकी कार साफ़ कर दी है |

मालिक – अच्छा ठीक है, मेरे लिए चाय बनाकर लाओ |

नौकर – जी मालिक, अभी चाय बनाकर लाता हूँ|

(नौकर थोड़ी देर बाद चाय लेकर आता है|)

मालिक – वाह रामू! तुमने तो बहुत ही अच्छी चाय बनाई है |

नौकर – धन्यवाद मालिक, मैंने आपके लिए अदरक वाली चाय बनाई थी |

मालिक – अदरक वाली चाय पीकर मेरी सारी थकावट दूर हो गई |

नौकर – मालिक, क्या मैं अब अपने घर जा सकता हूँ?

मालिक – हाँ ज़रूर, कल समय पर आ जाना |

....